अज्ञात वाहन की टक्कर से फुल्की विक्रेता की मौत

उतरांव (प्रयागराज)। उतरांव थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में फुल्की विक्रेता विशाल गुप्ता (२५) की मौत हो गयी। बबुरिया बाजार के पास नेशनल हाईवे की सर्विस रोड पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल विशाल को परिजन जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

विशाल कसिया का पूरा, खोदाईपुर गांव के निवासी थे। वह गांव में ठेला लगाकर फुल्की और चाट बेचते थे और इसी से परिवार का भरण-पोषण करते थे। शुक्रवार दोपहर वह सामान लेने के लिए बाइक से बबुरिया बाजार की ओर गये थे। इसी दौरान हादसा हो गया। विशाल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। उनके परिवार में पत्नी गीता देवी, एक बेटा और एक बेटी हैं। बताया गया कि विशाल के पिता का पहले ही निधन हो चुका था। परिवार की जिम्मेदारी संभाल रहे विशाल की अचानक मौत से पत्नी और बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अज्ञात वाहन के संबंध में जानकारी जुटाते हुए आगे की कारवाई कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।



मृतक विशाल गुप्ता की फाइल फोटो



झूंसी में अवैध निर्माण ध्वस्त करता पीडीए का बुलडोजर।

झूंसी में २६ बीघा भूमि पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

पीडीए की जोन-५ प्रवर्तन टीम ने पांच स्थानों पर की कारवाई, अवैध कालोनाइजरों में मची खलबली

झूंसी, प्रयागराज। प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। शुक्रवार को जोन-५ की प्रवर्तन टीम ने जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में झूंसी क्षेत्र के पांच स्थानों पर कारवाई करते हुए करीब २६ बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

कारवाई से अवैध रूप से कालोनियां विकसित करने वालों में खलबली मची रही।

पीडीए की टीम ने पहली और दूसरी कारवाई बदरा सोनौटी में की। यहां सनी यादव पुत्र विजय यादव, दीपक यादव एवं अन्य की ओर से करीब ११ बीघा भूमि पर की जा रही प्लाटिंग के खिलाफ कारवाई की गयी। तीसरी कारवाई मौजा रामापुर, झूंसी में मान सिंह पाल एवं अन्य की ओर से लगभग तीन बीघा भूमि पर विकसित की जा रही प्लाटिंग के विरुद्ध हुई। इसके बाद रहीमापुर, झूंसी में मनोज कुमार एवं अन्य की ओर से करीब सात बीघा भूमि पर की जा रही प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। वहीं, सोनौटी-गरापुर रोड पर भाईलाल पुत्र रामनिवास एवं अन्य की ओर से लगभग पांच बीघा भूमि पर विकसित की जा रही प्लाटिंग के खिलाफ भी कारवाई की गयी।

जोनल अधिकारी प्रवीण कुमार ने बताया कि पीडीए क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग और अनधिकृत निर्माण के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। विकासकर्ताओं को नियमानुसार तलपट मानचित्र स्वीकृत कराने के बाद ही प्लाटिंग और विकास कार्य करने के निर्देश दिये गये हैं। बिना मानचित्र स्वीकृत कराए किये जाने वाले विकास कार्यों के विरुद्ध नियमानुसार कारवाई की जाएगी।

उन्होंने आमजन से अपील की कि भूखंड खरीदने से पहले संबंधित भूमि और कालोनी की वैधानिक स्थिति की जांच अवश्य करें। पीडीए से मानचित्र स्वीकृत होने की पुष्टि किये बिना किसी भी अवैध कालोनी में भूखंड न खरीदें। विशेष रूप से मेला क्षेत्र और बाढ़ प्रभावित इलाकों में जमीन खरीदते समय सतर्कता बरतें।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

भारतगंज (प्रयागराज)। मेमो ट्रेन से गिरकर घायल हुए युवक की इलाज के लिए प्रयागराज ले जाते समय मौत हो गयी। शुक्रवार शाम पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। माता-पिता के इकलौते बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार, मेजा थाना क्षेत्र की दिघिया चौकी अंतर्गत लक्षन चौकठा गांव निवासी अनूप मिश्रा (२५) पुत्र नत्थन मिश्रा प्रयागराज जा रहे थे। इसी दौरान अमिलिया गांव के सामने वह मेमो ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजन उन्हें उपचार के लिए एसआरएन अस्पताल, प्रयागराज ले जा रहे थे, लेकिन शहर पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गयी। शुक्रवार शाम पोस्टमार्टम के बाद अनूप का शव गांव पहुंचते ही चीख-पुकार मच गयी। बताया गया कि अनूप पिछले दो महीने से काम के सिलसिले में प्रतिदिन मेमो ट्रेन से प्रयागराज जाते थे। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थे। बेटे की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में भी शोक का माहौल है।

नैनी में ३६.२० लाख की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नैनी (प्रयागराज)। नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में नारकोटिक्स टास्क फोर्स, अपराध शाखा और नैनी पुलिस की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है। शुक्रवार को चक भटाही स्थित एक अर्धनिर्मित मकान में छापेमारी कर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से १८१ ग्राम अवैध स्मैक और १,२२० रुपये नकद बरामद हुए। पुलिस के मुताबिक, बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब ३६.२० लाख रुपये है।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शाहजी का पुरा, एडीए नैनी निवासी महेश भारतीय (३४), पुत्र अशोक भारतीय और रोमिल भारतीय (२५), पुत्र गुड्डू भारतीय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपितों ने चक भटाही निवासी कमलेश भारतीय उर्फ बड़कऊ और आकाश भारतीय उर्फ छोटकऊ के नाम बताए। आरोपितों का दावा है कि उन्हें प्रतिदिन स्मैक उपलब्ध करायी जाती थी, जिसे वे आने-जाने वाले लोगों को बेचते थे। इसके बदले उन्हें प्रतिदिन २,०००-२,००० रुपये मिलते थे। बरामद नकदी भी पुलिस के अनुसार स्मैक बिक्री की रकम है। पुलिस रिकार्ड के मुताबिक, गिरफ्तार महेश भारतीय के खिलाफ पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। वर्ष २०१७ में उसके विरुद्ध मारपीट, घर में घुसने और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज हुआ था। वर्ष २०२२ में भी एनडीपीएस एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमे दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।

पुलिस ने थाना नैनी में मुकदमा अपराध संख्या ५४४/२०२६ के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा ८/२१ में अभियोग पंजीकृत कर दोनों आरोपितों को जेल भेज दिया है। पूछताछ में सामने आए अन्य नामों और कथित तस्करी नेटवर्क के संबंध में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

सूचना

मेरा वास्तविक नाम शांति / पत्नी भुवाल है। त्रुटिवश आधार कार्ड में रामदेई हो गया है, जो कि गलत है कृपया आधार में मेरा नाम सही करे। नाम-शांति पत्नी भुवाल ग्राम व पोस्ट -कहला जनपद-प्रतापगढ़।

सूचना

मैं ताहिरा बानो पुत्री फिरोज आलम, वार्ड नंबर 7 वीर अब्दुल हमीद नगर पंचायत घोसिया औराई भदोही। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिपूर्वक तेयरा बानो अंकित है। जबकि मेरा वास्तविक नाम ताहिरा बानो है और जन्मतिथि त्रुटिपूर्वक 15.5.2007 अंकित है। जबकि मेरी वास्तविक जन्मतिथि 7.4.2010 है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि TI SJOJWBTZBEBW नाम की स्पेलिंग जो कि गलत है। अब से सही स्पेलिंग TI SFFOJWBTZBEBWनाम से जाना और पहचाना जाए। मेरी पुत्री शृष्टि यादव जिसकी जन्मतिथि 19-03-2010 जो कि गलत है। सही जन्मतिथि 19-03-2012 है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राम पूजन पाल)SBN QVKBO!QBM*!(जो कि गलत स्पेलिंग है।) राम पूजन पाल)SBN QPPKBO!QBM*सही स्पेलिंग है। एवं माता का नाम गुंजा पाल)HVOKB!QBM*!(जो कि गलत स्पेलिंग है) गुंजा देवी)HVOKB EFWJ* सही नाम है

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि तेज नारायण यादव (जो कि गलत स्पेलिंग है) तेज नारायण (सही स्पेलिंग) है। एवं माता का नाम फूला देवी (जो कि गलत स्पेलिंग है) फूला देवी यादव (सही स्पेलिंग) है।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आयुशी सिंह)BZVTI J!TJOHI *!जो कि गलत नाम है। आयुशी यादव)BZVTI J! ZBEBW* सही नाम है।जन्मतिथि 27-09-2011 (जो कि गलत है) जन्मतिथि 27-09-2012 जो सही जन्मतिथि है। एवं माता के नाम की स्पेलिंग)SBOKBOB!ZBEBW* जो की गलत है सही स्पेलिंग)SBOKBOB!EFWJ* है।

पारिवारिक मामलों से जुड़े अभिभावकों को किया गया सम्मानित

सोरांव (प्रयागराज)। मिशन शक्ति फेज-६.० के तहत शुक्रवार को सोरांव थाने के मिशन केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान सफलतापूर्वक निस्तारित पारिवारिक मामलों से जुड़े अभिभावकों और परिजनों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही महिलाओं को सुरक्षा, सशक्तीकरण और सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूहों, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और आयुष्मान योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए जरूरत पड़ने पर उनका उपयोग करने की अपील की। महिला सुरक्षा के लिए वूमेन पावर हेल्पलाइन १०९०, महिला हेल्पलाइन १८१, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६, पुलिस हेल्पलाइन ११२ और साइबर ठगी की शिकायत के लिए १९३० नंबर की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में निरीक्षक श्रवण कुमार, उपनिरीक्षक आलोक कुमार गौड़, महिला उपनिरीक्षक अर्चना गोंड, काजल भर्तिया, महिला आरक्षी किरण, प्रियंका और नंदिनी मौजूद रहीं।



रिश्तेदार को देखने गयी किशोरी लापता, पुलिस से लगायी गुहार

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी थाना क्षेत्र के नारायण दास का पूरा निवासी एक महिला की नाबालिग बेटी के लापता होने का मामला सामने आया है। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से गुहार लगाई। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले में विधिक कारवाई शुरू कर दी है।

महिला विटोला देवी पत्नी हरिश्चंद्र ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि वह परिवार के साथ सरायइनायत क्षेत्र स्थित अस्पताल में अपने एक रिश्तेदार को देखने गयी थीं। घर पर उनकी दो नाबालिग बेटियां थीं। इसी दौरान दोपहर करीब दो बजे उनकी एक बेटी बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी। महिला के अनुसार, घर लौटने पर बेटी के नहीं मिलने से परिजन परेशान हो गये। उन्होंने रिश्तेदारों और आसपास के लोगों से पूछताछ की तथा संभावित स्थानों पर तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। महिला ने बताया कि किशोरी अपने साथ आधार कार्ड और हाईस्कूल की मार्कशीट भी ले गयी है। बेटी का पता नहीं चलने से परिवार के लोग चिंतित हैं। महिला ने थाना प्रभारी से बेटी का पता लगाने और आवश्यक कानूनी कारवाई करने की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिक कारवाई की जा रही है।

छात्राओं ने कोरांव थाने का किया भ्रमण, जानी पुलिस की कार्यप्रणाली

महिला हेल्प डेस्क से लेकर हवालात तक की व्यवस्था देखी, हेल्पलाइन नंबरों की मिली जानकारी



कोरांव (प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, खजुरी की छात्राओं ने कोरांव थाना परिसर का भ्रमण किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के मन से पुलिस का भय दूर करना तथा उन्हें कानून, सुरक्षा व्यवस्था और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया से परिचित कराना था। महिला उपनिरीक्षक शिवानी पटेल ने छात्राओं को थाने के महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कार्यालय, स्वागत कक्ष और हवालात का भ्रमण कराया। इस दौरान छात्राओं को महिला पावर लाइन १०९०, पुलिस आपातकालीन सेवा ११२, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, साइबर हेल्पलाइन १९३० और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन १०७६ की जानकारी दी गयी। उन्हें इंटरनेट का सुरक्षित इस्तेमाल करने, अनजान काल से सतर्क रहने और किसी भी परेशानी की स्थिति में भरोसेमंद व्यक्ति या पुलिस से संपर्क करने के लिए जागरूक किया गया। छात्राओं ने पुलिस अधिकारियों से विभिन्न सवाल पूछे, जिनका जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह, महिला उपनिरीक्षक शिवानी पटेल, विद्यालय की शिक्षिकाएं रानू चौरसिया और सजल तिवारी सहित थाने का पुलिस बल मौजूद रहा।

नीलगाय की टक्कर से घायल वृद्ध की मौत

पचदेवरा (प्रयागराज)। करछना थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे पर नीलगाय की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए बुजुर्ग की शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गयी।

जानकारी के अनुसार, थाना क्षेत्र के भरहा गांव निवासी ७२ वर्षीय रामचंद्र शर्मा पुत्र स्वर्गीय ढकेलु बीते ९ अक्टूबर को सुबह करीब १० बजे पचदेवरा गांव निवासी अशोक शुक्ला के साथ बाइक से मनैया घाट जा रहे थे। वे पितृपक्ष के अवसर पर पिंडदान कराने के सिलसिले में निकले थे। बाइक अशोक शुक्ला चला रहे थे। जैसे ही वे प्रयागराज-मिर्जापुर हाईवे स्थित पचदेवरा-बेंदौ पुलिया के समीप पहुंचे, तभी अचानक सड़क पर सामने से एक नीलगाय दौड़ती हुई आ गयी। तेज रफ्तार बाइक नीलगाय से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गयी। हादसे में रामचंद्र शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बाइक चला रहे अशोक शुक्ला को भी चोटें आईं। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से परिजन घायल रामचंद्र को तत्काल प्रयागराज स्थित स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल ले गए, जहां उनका गहन उपचार चल रहा था। शुक्रवार सुबह इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक पचदेवरा चौराहे पर सैलून चलाकर (दाढ़ी-बाल बनाकर) अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे अपने पीछे पत्नी सीता और पांच बेटों से भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। बुजुर्ग की असमय मौत से पत्नी व बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पुत्र की सूचना पर करछना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कारवाई में जुटी है।

आज का मुहूर्त

दिनांक- १७ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- सप्तमी भोर ०५.५३ तक उपरान्त अष्टमी
वार- शनिवार
नक्षत्र- मूल दिन में ०८.५८ तक उपरान्त पूर्वाषाढ़ा
योग- अतिगंड रात्रि ११.०६ तक उपरान्त सुकर्मा
राशि- धनु
सूर्योदय- ०६.१७ बजे
सूर्यास्त- ०५.४३ बजे
राहुकाल- प्रात:काल ०९ बजे से १०.३० तक
भद्रा- रात्रिशेष ०५.५३ के उपरान्त
मुहूर्त- प्रात:काल से ०६.२२ के बाद नामकरण,र्णमर्दन, वृक्षारोपण, बोरिंग कराना, मुकदमा दायर करना, रजिस्ट्री आदि।
विशेष- सत्पमम् कालरात्रि दर्शन एवं पूजन मूल नक्षत्र युक्त प्रात:काल ही घर के मध्य में सरस्वती का आवाहन पूजन करें।

त्रिवेणीपुरम में मां दुर्गा के दर्शन के लिए उमड़े श्रद्धालु

झूंसी (प्रयागराज)। त्रिवेणीपुरम दुर्गा पूजा समिति की ओर से कालोनी स्थित दुर्गा पार्क में १२वें दुर्गा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। १६ से २१ अक्टूबर तक चलने वाले उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को विधि-विधान से महाशक्ति पूजा और प्राण प्रतिष्ठा के साथ हुआ। शाम पांच बजे पूजा-अर्चना के बाद माता रानी के पट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले गये तो पूरा पंडाल जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा।

माता रानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने कतारबद्ध होकर मां दुर्गा के दर्शन किये और परिवार की सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की। सुबह से ही दुर्गा पार्क में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

दर्शन शुरू होने के बाद पूरा परिसर भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर नजर आया। समिति के सचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि उत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-अर्चना, पुष्पांजलि, भोग और संध्या आरती होगी। सप्तमी तिथि पर विशेष पूजा, पुष्पांजलि, भोग और आरती का आयोजन किया जाएगा। महानवमी पर विधि-विधान से पूजा, हवन और पुष्पांजलि के बाद भंडारा होगा। विजयादशमी के दिन दर्पण विसर्जन और सिंदूरदान की परंपरा निभाई जाएगी।

शिव विजय रामलीला कमेटी के अध्यक्ष

झूंसी (प्रयागराज)। श्री रामलीला कमेटी लालगंज, झूंसी की बैठक में आगामी रामलीला आयोजन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी।

बैठक में शिव विजय सिंह को अध्यक्ष, हरिश्चंद्र पाल को उपाध्यक्ष, विजय बहादुर यादव को प्रबंधक तथा वेद प्रकाश श्रीवास्तव को उप प्रबंधक चुना गया। इसी क्रम में रामबली भारतीय को आडिटर, रत्नेश कुमार केसरवानी को निदेशक, अमित कुमार केसरवानी को कोषाध्यक्ष और राजेश कुमार केसरवानी को उप कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। नवनियुक्त अध्यक्ष शिव विजय सिंह ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ २१ अक्टूबर, बुधवार से होगा। इससे एक दिन पहले २० अक्टूबर, मंगलवार को कर्ण घोड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद रामलीला के विभिन्न प्रसंगों का मंचन होगा। आयोजन का प्रमुख आकर्षण १ नवंबर, रविवार को होने वाला दशहरा कार्यक्रम रहेगा। नयी कार्यकारिणी के गठन के बाद सदस्यों में आयोजन को लेकर उत्साह है।

फूड फेस्टिवल में छात्रों ने सजाये व्यंजनों के स्टाल

नैनी (प्रयागराज)। सैम हिगिनबाटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में फूड प्रोसेसिंग एंड फूड टेक्नोलाजी विभाग की ओर से एसेन ३.० फूड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार किये गये विभिन्न व्यंजनों, स्नैक्स और पेय पदार्थों के स्टाल लगाए। छात्रों ने अपनी पाक-कला, रचनात्मकता और व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन किया।

फेस्टिवल के मुख्य द्वार को रंग-बिरंगे पर्दों, फूलों और गुब्बारों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। प्रवेश द्वार पर 'वेलकम टू एसेन ३.०' का बैनर लगाया गया, जिसने आयोजन को उत्सवपूर्ण माहौल दिया। स्टालों पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य पदार्थ प्रस्तुत किये और उनके माध्यम से अपनी तैयारी तथा प्रस्तुतीकरण की प्रतिभा दिखाई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को फूड प्रोसेसिंग, खाद्य संरक्षण और खाद्य व्यवसाय की बारीकियों का व्यावहारिक ज्ञान देना था। कालेज प्रशासन के अनुसार, ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना विकसित होती है। साथ ही उन्हें मार्केटिंग, उत्पादों के आकर्षक प्रस्तुतीकरण और ग्राहकों से संवाद करने का वास्तविक अनुभव मिलता है। फेस्टिवल देर शाम तक चला।

लालापुर में शारदीय नवरात्र की धूम, भक्ति में डूबा पूरा क्षेत्र

लालापुर (प्रयागराज)। शारदीय नवरात्र के आगमन के साथ ही लालापुर क्षेत्र पूरी तरह भक्तिमय हो गया है। हाथों में पूजा की थाली और मुख पर माता रानी के जयकारों के साथ श्रद्धालु दुर्गा पंडालों और मंदिरों में पहुंच रहे हैं। पूरे क्षेत्र में चारों ओर भक्ति, उल्लास और उत्साह का माहौल बना हुआ है। नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ ही विभिन्न स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग रही हैं।

पुजारी विधि-विधान से मां की पूजा-अर्चना करा रहे हैं। शाम होते ही पंडालों में रौनक और बढ़ जाती है। जगह-जगह आयोजित जागरण और भजन कार्यक्रमों में श्रद्धालु देर रात तक माता रानी की भक्ति में लीन रहते हैं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों से पूरा क्षेत्र गूंज रहा है। **आकर्षक पंडालों में मां के दर्शन को उमड़ रहे भक्त-**लालापुर के अमिलिया, नौढ़िया, भटपुरा, प्रतापपुर, गोबरा, सोनौरी और ओड़गी समेत दर्जनों गांवों में भव्य दुर्गा पंडाल सजाए गये हैं। आकर्षक रोशनी और फूलों से सजे पंडाल श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। मां दुर्गा के दर्शन के लिए आसपास के गांवों के अलावा दूर-दराज से भी लोग पहुंच रहे हैं। आयोजकों की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और बैठने की विशेष व्यवस्था की गयी है। लगातार बढ़ रही श्रद्धालुओं की भीड़ से पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है।

बेटियों को शिक्षा, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का दिया संदेश

मेजारोड (प्रयागराज)। मिशन शक्ति अभियान के तहत शुक्रवार को मेजा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छात्राओं के लिए जागरूकता एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि शिवसेना की प्रांतीय महासचिव एवं समाजसेवी रुचि तिवारी ने छात्राओं को शिक्षा के बल पर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पूजन-अर्चन के साथ हुई। विद्यालय की वार्डन सीतांजलि गुप्ता और शिवनंदिनी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के मेजा अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया। मुख्य अतिथि रुचि तिवारी ने छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया। खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सर्वांगीण विकास समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। समारोह में रुचि तिवारी ने कर्मचारियों को साड़ियां और महिला शिक्षिकाओं को उपहार देकर सम्मानित किया। मिशन शक्ति के तहत सराहनीय कार्य करने पर तेंदुआ कला की प्रधानाध्यापिका एवं पुलिस विभाग की टीम से जुड़ी कुसुम लता को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सरिता सिंह, सपना, सीरत, रोहित तिवारी, संदीप शर्मा, शिवभान सहित शिक्षा एवं पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और मिशन शक्ति मेजा टीम के सदस्य मौजूद रहे।

सूचना

सर्वविदित हो कि मेरे बैंक आफ बड़ौदा शाखा झूंसी प्रयागराज खाता सं0- 35750100005610 में मेरा नाम अंग्रेजी में JAY PRAKASH और जन्मतिथि 01.01.1993 अंकित है जो कि अशुद्ध व त्रुटिपूर्ण है। आधार कार्ड के अनुसार मेरा सही नाम JAI PRAKASH YADAV एवं जन्मतिथि 14.06.1995 है जो सत्य है अतः बैंक खाता में सही नाम एवं जन्मतिथि दर्ज कर इसी नाम से जाना पहिचाना जाए। जय प्रकाश यादव पुत्र-मूल चन्द्र निवासी-ग्राम कुआंडीह पो0-सराय इनायत प्रयागराज

PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) MAH BOLPIKUP REG.NO.UP70NT0718 -YOM-2024

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFF LINE) WITHIN 7 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E.ON OR BEFORE 23.10.2026 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).

BRANCH ADDRESS:
40 A/2 LOWTHER ROAD GEORGE TOWN NEAR KIRTI SCANNING CENTRE ALLAHABAD 211002 UP
INDIA OR CONTACT: GAURAV SINGH KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 9554449995
EMAIL: gaurav.singh17@kotak.com

इफको आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव में अनुराग लगातार दूसरी बार बने अध्यक्ष

आशीष गौतम- महामंत्री, दिनेश सिंह- उपाध्यक्ष और गौतम कुमार बने कोषाध्यक्ष, चुनाव अधिकारी पीके पटेल ने घोषित किये परिणाम

फूलपुर (प्रयागराज)। इफको फूलपुर इकाई में आफिसर्स एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी पीके पटेल ने मतगणना के बाद परिणामों की घोषणा की। अध्यक्ष पद पर अनुराग तिवारी ने ८६ मतों के अंतर से जीत दर्ज कर लगातार दूसरी बार पद हासिल किया। परिणाम घोषित होने के बाद विजयी प्रत्याशियों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया।

अध्यक्ष पद पर अनुराग तिवारी को २१५, प्रतीक वर्मा को १२९, बबलेश कुमार मिश्र को १६, अरविंद कुमार यादव और धर्मेंद्र कुमार सिंह को १२-१२ मत मिले। महामंत्री पद पर आशीष कुमार गौतम ने स्वयं प्रकाश को ७५ मतों से हराया। आशीष गौतम को २२७ और स्वयं प्रकाश को १५२ मत प्राप्त हुए।

उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार सिंह २१६ मत पाकर विजयी हुए। मसरूर अहमद सिद्दीकी को ९३ और राजेश कुमार श्रीवास्तव को ६४ मत मिले। संयुक्त मंत्री पद पर अरविंद चौहान ने २६५ मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। अखिलेश चंद्र यादव को ६१ और राम विशुन को ५९ मत मिले। संगठन मंत्री पद पर बीपी सिंह (मुन्ना) १७१ मत पाकर विजयी हुए। बीके यादव को ७५ और वीपी मिश्र को १३३ मत मिले।

प्रचार मंत्री पद पर राम दीन पाल को १२३, संजय सिंह को १०९, राजीव वर्मा को १०४ और अपूर्व कुमार सक्सेना को ४१ मत मिले। स्थापना मंत्री पद पर सीबी सिंह ने २१२ मत प्राप्त कर मनोज त्रिपाठी को ४३ मतों से पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर गौतम कुमार २७६ मत पाकर विजयी हुए, जबकि डीकेएस चंदेल को १०७ मत मिले।

कार्यकारी सदस्य ई पद पर रवींद्र कुमार शर्मा को २६६ और सतीश कुमार मौर्य को ११४ मत मिले। एफ पद पर संजय कुमार श्रीवास्तव ने २३६ मत पाकर जीत दर्ज की, जबकि आरके मिश्र को १४४ मत मिले। एफ-१ पद पर गिरीश चंद्र ११६ मत पाकर विजयी हुए। एसके अवस्थी को ११४ मत मिले। जी पद पर अजय कुमार दुबे ने २१८ मत प्राप्त कर शैलेश कुमार श्रीवास्तव को हराया, जिन्हें १६३ मत मिले।

जी-१ पद पर विनीत कुमार दुबे १३१ मत पाकर विजयी हुए। मनोज कुमार सिंह को ७३, पीयूष मेहता को ६१, एसके विश्वकर्मा को ५७ और राजमणि पटेल को ५३ मत मिले। जी-२ पद पर अंबुज पांडेय निर्विरोध निर्वाचित हुए। एच-१ पद पर अभिषेक श्रीवास्तव ने २३२ मत पाकर जीत दर्ज की, जबकि विष्णुकांत तिवारी को १४८ मत मिले।

चुनाव अधिकारी पीके पटेल ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में सहयोग के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना की। वरिष्ठ महाप्रबंधक एवं इकाई प्रमुख पीके सिंह, मानव संसाधन विभागाध्यक्ष शंभू शेखर, इफको इंप्लाइज संघ के अध्यक्ष पंकज पांडेय और महामंत्री विजय कुमार यादव ने सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



राम ने रावण का वध कर दिया अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश

नैनी (प्रयागराज)। नैनी स्थित एडीए बिशप कान्वेंट स्कूल में तीन दिनों से चल रही रामलीला का शुक्रवार को भगवान श्रीराम द्वारा रावण वध के साथ समापन हुआ। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रसंगों का आकर्षक और भावपूर्ण मंचन कर दर्शकों का मन मोह लिया। अंतिम दिन रावण के पुतले का दहन कर अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। सीता हरण, जटायु वध, श्रीराम का लंका पर आक्रमण, हनुमान जी द्वारा माता सीता को श्रीराम की अंगूठी सौंपने और श्रीराम-विभीषण मिलन के प्रसंगों का मंचन किया गया। स्कूल प्रबंधक संजय पाठक ने कहा कि बच्चों तक सनातन धर्म के संदेश और आदर्शों को पहुंचाना आवश्यक है। रामलीला में श्रीराम की भूमिका कलेश मिश्रा, लक्ष्मण की अनमोल मिश्रा, माता सीता की संस्कृति सिंह, हनुमान की आर्यन वाल्मीकि और रावण की भूमिका आशीष आयुष्मान द्विवेदी ने निभाई। संचालन अलका पाठक ने,अध्यक्षता रुचि मिश्रा ने की।



मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004, भारत
Motilal Nehru National Institute of Technology
Allahabad Prayagraj-211004, India

विज्ञापन संख्या 09/2026, दिनांक: 12.10.2026

संस्थान में अंशकालिक जनरल ड्यूटी चिकित्सक पदों पर भर्ती के लिए अर्ह भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।
रिक्तियों का विवरण इस प्रकार हैः

क्र. सं.	पद का नाम	रिक्त पदों की संख्या
1.	अंशकालिक जनरल ड्यूटी चिकित्सक	
	क) एलोपैथी औषधि जनरल चिकित्सक	01
	ख) बाल रोग विशेषज्ञ	01
	ग) प्रसूति एवं स्त्रीरोग विशेषज्ञ	01
	घ) नेत्र-विशेषज्ञ	01
	ङ) न्यूरोसाइकियाट्रिस्ट / मनोचिकित्सक	01
	च) ईएनटी विशेषज्ञ	01
	छ) आयुर्वेदिक	01
	ज) दंत चिकित्सक	02
	झ) होमियोपैथी	01
	ञ) फिजियोथेरेपिस्ट	02

अधिक जानकारी एवं आवेदन हेतु कृपया संस्थान की वेबसाईट http://www.mnnit.ac.in देखें।

CBC 21306/11/0005/2627 कुलसचिव